# 01.04.2018 से 31.03.2019 के दौरान राजभाषा संबंधी गतिविधियाँ

## *अनुवाद कार्य*

दूरभाष निर्देशिका का द्विभाषी रूप बनाकर वितरण किया गया । अनंतिम प्रमाण पत्र, प्रदत्त उपाधियों का अभिलेख, उपाधि प्रमाण-पत्र और अन्य सभी प्रकार के प्रमाण-पत्र, जैसे प्रतिभागिता का प्रमाण पत्र, योग्यता प्रमाण पत्र आदि हिंदी और अंग्रेजी में द्विभाषी रूप में ही जारी किए गए। प्रशासनिक तथा अन्य प्रभागों में प्रयोग किए जाने वाले मानक प्रपत्रों का द्विभाषीकरण किया गया। परिचय कार्ड, नामपट्ट तथा रबड़ की मुहरें द्विभाषी रूप में तैयार की गईं। संस्थान पुस्तिका, वार्षिक रिपोर्ट 2017 -18 द्विभाषी रुप में तैयार किए गए। शोध प्रबधों के सार भी हिंदी में बनाकर संदर्भ के लिए रखा जा रहा है ।

## *हिंदी कार्यशालाएं*

आईआईएसटी, वलियमला में 18 मार्च 2019 को संस्थान के कार्यपालकों के लिए, 20 व 21 दिसंबर, 2018 को प्रशासनिक क्षेत्र के कर्मचारियों (सहायकों, वरिष्ठ सहायकों, वैयक्तिक सहायकों एवं लिपिक वर्ग के संविदागत कर्मचारियों) के लिए, 12 सितंबर, 2018 को संकाय सदस्यों के लिए और 13 व 14 जून 2018 को तकनीकी क्षेत्र के सहायकों के लिए हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

## *राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें*

आईआईएसटी, वलियमला में नियमित रूप से राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें आयोजित की जाती हैं। वर्ष के दौरान संस्थान में 29.03.2019, 17.12.2018, 28.09.2018 तथा 20.06.2018 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें आयोजित की गईं और इन बैठकों में राजभाषा हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने पर जोर दी गई और इसके लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिए गए ।

## *जाँच बिंदुओं की स्थापना*

राजभाषा अधिनियम 1963, राजभाषा नियम 1976 और राजभाषा विभाग द्वारा समय समय पर जारी किए जाने वाले संबंधित आदशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जाँच बिंदु पुनः स्थापित किए गए।

## *प्रोत्साहन योजना*

हिंदी का प्रगामी प्रयोग बढ़ाने के उद्देश्य से हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहन योजना जारी रखी गई।

## *नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति*

आईआईएसटी, वलियमला नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, तिरुवनंतपुरम का सदस्य कार्यालय है और इसके क्रियाकलापों में सक्रिय रूप से भाग लेता है। नगर राजभाषा कार्यान्वयन

समिति, के तत्वावधान में आयोजित संयुक्त हिंदी पखवाड़ा समारोह में संस्थान के कर्मचारियों ने भाग लिया और '**हिंदी कविता पाठ**' में डॉ. सरिता विग, सह आचार्य, पृथ्वी एवं अंतरिक्ष विज्ञान विभाग को **प्रथम पुरस्कार**, **श्रीमती रेनी थोमस**, वरिष्ठ लेखा अधिकारी को '**हिंदी कविता पाठ**' में **द्वितीय पुरस्कार** तथा '**आशुभाषण**' में **प्रथम पुरस्कार**, '**तस्वीर क्या बोलती है**' में **डॉ. वी. रवि**, सह आचार्य, मानविकी विभाग को **प्रोत्साहन पुरस्कार**,

'**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता**' में **श्री. हरि प्रसाद आर.** उप कुल सचिव ग्रेड - II वित्त एवं **श्री. राकेश आर. मेनन**, वरिष्ठ क्रय एवं भंडार अधिकारी को **प्रोत्साहन पुरस्कार, 'टिप्पण एवं आलेखन'** में **श्रीमती श्रीजा जे. जे.**, वरिष्ठ तकनीकी सहायक को **तृतीय पुरस्कार, 'अनुवाद'** में **श्रीमती आन्सी ओस्टिन**, पुस्तकालय सहायक को **प्रोत्साहन पुरस्कार मिले**। तिरुवनंतपुरम के चार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के बीच में आयोजित **अंतर नराकास देश भक्ति गान प्रतियोगिता** में भी हमारे संस्थान के कार्मिकों ने भाग लिया।

## *हिंदी दिवस / हिंदी माह का आयोजन*

संस्थान में **सितंबर 03 से 28 तक हिंदी माह** मनाया गया। इस सिलसिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। **सितंबर 03** को हिंदी सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। हिंदी दिवस के महत्त्व को उजागर करने के उद्देश्य से **सितंबर 14** को **हिंदी दिवस व्याख्यान** का आयोजन भी किया। केरल विश्व विद्यालय के कुल सचिव डॉ. आर. जयचंद्रन ने व्याख्यान दिया। हिंदी माह समारोह - 2018 के उपलक्ष्य में संस्थान के कर्मचारियों के लिए **सितंबर 04, 05 व 21, 2018** को तथा छात्रों के लिए सितंबर **10,11,12 व 13** को विविध हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। **नवंबर 30, 2018** को **पुरस्कार वितरण समारोह** आयोजित किया गया प्रतियोगिताओं के विजेताओं को निदेशक महोदय द्वारा नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए ।

## *हिंदी तकनीकी संगोष्ठी*

इस वर्ष अंतरिक्ष विभाग के तिरुवनंतपुरम पूल के वीएसएससी, एलपीएससी, आईपीआरसी, आईआईएसयू एवं एपीईपी के सहयोग से आईआईएसटी में अक्तूबर 30 व 31, को '**अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में हाल की प्रगति**' विषय पर हिंदी तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन किया गया । इस संगोष्ठी के दौरान '**राजभाषा हिंदी का बदलता स्वरूप**' विषय पर राजभाषा सत्र भी शामिल किया गया । डॉ. बी. एन. सुरेश, माननीय कुलाधिपति, आईआईएसटी ने संगोष्ठी का उदघाटन किया। श्री. एम. वी. ढेकणे, प्रोफसर सतीश धवन प्रोफसर, आईआईएसटी ने संगोष्ठी के तकनीकी सत्र का मुख्य भाषण दिया । प्रोफसर बी. वाई. ललितांबा, हिंदी विद्वान व सदस्य, संयुक्त हिंदी सलाहकार समिति ने आमंत्रित भाषण दिया। वीएसएससी, एलपीएससी, आईपीआरसी, आईआईएसयू, एपीईपी एवं आईआईएसटी से कुल 36 लेख दो दिवसीय संगोष्ठी के दौरान प्रस्तुत किए गए जिनमें आईआईएसटी के छह लेख भी शामिल थे । चार तकनीकी सत्र और एक राजभाषा सत्र रखे गए । प्रत्येक सत्र में हिंदी भाषी एवं हिंदीतर भाषी प्रवर्ग के उत्कृष्ट प्रस्तुतकर्ता को पुरस्कार भी दिए गए। सभी लेखों पर संगोष्ठी में सार्थक चर्चा हुई तथा अद्यतन ज्ञान का आदान प्रदान हुआ जिससे सभी प्रतिभागी लाभान्वित हुए ।

## *विश्व हिंदी दिवस समारोह 2019*

विश्व हिंदी दिवस समारोह - 2019 के उपलक्ष्य में कर्मचारियों के लिए **जनवरी 17 व 18, 2019** को तथा संस्थान के छात्रों के लिए **जनवरी 16, 17 व 21, 2019** को हिंदी में विविध प्रतियोगिताएं चलाई गईं। संस्थान के छात्रों तथा कर्मचारियों ने अलग अलग वर्गों के लिए निर्धारित प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जनवरी 26 को इससे संबंधित **पुरस्कार वितरण समारोह** का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को निदेशक महोदय द्वारा नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## *आईआईएसटी हिंदी गृह पत्रिका 'अंतरिक्ष धाराएं' – दूसरा अंक*

आईआईएसटी हिंदी गृह पत्रिका '**अंतरिक्ष धाराएं**' के दूसरे अंक का विमोचन **जनवरी 26, 2019** को विश्व हिंदी दिवस समारोह – 2019 के उपलक्ष्य में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में किया गया। इस अंक में छात्रों एवं कार्मिकों के लेख, कहानियां और विविधता भरे रोचक कृतियों का समावेश किया गया है।

*********